हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)

भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम शिक्षा और खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं- जो भारत की अमृत पीढ़ी - युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है।

*सरकार शिक्षा और खेल के माध्यम से युवाओं के भविष्य के सपनों की नींव रख रही है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने समग्र और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वाकांक्षी रोड मैप तैयार किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक देशभर के स्कूलों में प्री स्कूल से माध्यमिक स्तर तक 100 प्रतिशत और वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत नामांकन किए जाए। वर्ष 2014 में देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या 51 हजार थी जो अब बढ़कर 70 हजार से अधिक हो गई है इसमें आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे शिक्षण संस्थान की संख्या अधिक है। पीएम श्री योजना के तहत देशभर में साढ़े 14 हजार स्कूलों का कार्यकाल किया जा रहा है। शिक्षा के साथ-साथ खेल क्षेत्र भी सरकार की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में है खेलो इंडिया अभियान के तहत देशभर में एक हजार से अधिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले गए हैं और 3 हजार युवा खिलाड़ियों को सालाना 6 लाख रुपए से अधिक की मदद दी जा रही है। टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के तहत देश के शीर्ष खिलाडियों को विशेष प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किये जा रहे हैं। भारत ने पिछले दो ओलंपिक में 13 पदक जीते हैं और पेरिस पैरालंपिक में*

*<u>रिकॉर्ड तौड़ 29 पदक अपने नाम किये हैं। भारत अपने युवाओं क पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें बड़े सपने देखना, तेज दौड़ना और कभी न रूकना भी सीखा रहा है। रहिसुद्दीन रेहान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।</u>*

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में बनाये जा रहे सिख संग्रहालय तथा संत शिरोमणि गुरु रविदास संग्रहालय के काम को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। चंडीगढ़ में कल इस सबंधी एक समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इन संग्रहालयों को गुरुओं की विरासत को संरक्षित करने तथा उनके जीवन दर्शन एवं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तैयार किया जा रहा है ।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि वह सिख इतिहास, संस्कृति और गुरुओं के योगदान की सम्पूर्ण झलक प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय में हरियाणा के उन सभी स्थलों की जानकारी अनिवार्य रूप से सम्मिलित करने को कहा गया है जहां-जहां सिख गुरुओं ने अपने चरण कमल रखे हैं।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि संग्रहालय में सिख गुरुओं द्वारा धर्म की रक्षा, न्याय और मानवीय मूल्यों की स्थापना हेतु मुगल शासकों के अत्याचारों के विरुद्ध लड़ी गई ऐतिहासिक लड़ाइयों को भी यथार्थ रूप में दर्शाया जाए, ताकि बलिदान और संघर्ष की वह गाथा सदियों तक प्रेरणास्रोत बनी रहे। मुख्यमंत्री ने सिख इतिहास के तथ्यात्मक दस्तावेजीकरण हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने का सुझाव भी दिया और इस में अनुभवी इतिहासकार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर तथा साहित्य अकादमी से जुड़ी विद्वान हस्तियाँ शामिल करने को कहा जो संग्रहालय की विषयवस्तु की प्रामाणिकता और गुणवत्ता सुनिश्चित कर सकें।प्रवक्ता ने बताया कि इसी प्रकार, मुख्यमंत्री ने गुरु रविदास संग्रहालय को न केवल स्थापत्य की दृष्टि से भव्य बनाने बल्कि इसकी विषयवस्तु में भी संत रविदास के जीवन दर्शन, आध्यात्मिक विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने इसके लिए भी गुरु रविदास के जीवन, शिक्षाओं, आदर्शों तथा उनके द्वारा मानवता की भलाई के लिए किए गए कार्यों का गहन अध्ययन एवं अनुशीलन करने वाले विद्वानो की एक समिति का गठन करने को कहा है।

---

हरियाणा में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आयुष विभाग की ओर से विशेष ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल और टोल-फ्री नंबर जारी किया गया है।यह दिवस इस बार के थीम "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग" के अनुरूप मिलाया जाएगा।पलवल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के नागरिक ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया में बढ़चढ़कर भागीदारी कर रहे हैं। कल तक पलवल, जिलों मे 13 हजार से अधिक पंजीकरण के साथ प्रदेशभर में सबसे आगे था ।पलवल के उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी योग दिवस पर लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी और जन-जन तक योग का संदेश पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में योग दिवस के आयोजन की व्यापक तैयारी करने और अधिक से अधिक लोगों को ऑनलाइन पंजीकरण के बारे जागरूक करने के निर्देश दिए गए है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------